# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 24 मार्च, 2015/3 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 25**

----

### अवैध कब्ज़ा

***1703 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कैथू से अनाडेल के आम रास्ते पर अवैध कब्ज़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस सन्दर्भ में नगर निगम शिमला को लिखित शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हां, तो अभी तक क्या कर्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

----

### Distribution of Water

***1704 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the criteria of sponsoring the urban Water Supply Schemes for distribution of water (24x7) in the State;

(b) why the Water Supply Scheme to Nalagarh town was not sponsored; and

(c) by when, Nalagarh town will be included?

----

## प्रशिक्षु नर्सों को सुविधा

***1705 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में नर्सिंग ट्रेनिंग व नर्सिंग होस्टल की सुविधा नहीं है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में सरकार द्वारा इनकी सुविधा हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि Pre-mature delivery उपरान्त बच्चे को मशीन में रखने हेतु सुविधा बिलासपुर में ही प्रदान कर दी गई है; यदि हां, तो कब; तिथि सहित ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल योजना

***1706 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने कसौली कैंट में पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस क्षेत्र हेतु कोई योजना बनाने का विचार रखती है ?

----

## मिड हिमालयन जलागम विकास परियोजना

***1707 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2015 तक जिला बिलासपुर के अन्तर्गत मध्य हिमालयन परियोजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि के कौन-कौन से विकास कार्य करवाये गये; ब्यौरा पंचायतशः दें; और

(ख) इनमें से कौन-कौन से कार्य ठेकेदारों के माध्यम से करवाए गए और इन कार्यों के लिए की गई निविदाओं की सूचना सभा पटल पर रखें ?

----

## सामग्री का क्रय

*1708 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मण्डलों द्वारा बाज़ार से खरीदी गई सामग्री (Material) व ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान की बकाया राशि लम्बित है; ब्यौरा मण्डलवार अलग-अलग दें; और

(ख) इनका भुगतान कब तक कर दिया जाएगा ?

----

## राहत राशि का आबंटन

*1709 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक प्रथम जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक भारी वर्षा, बर्फबारी और आगजनी से कितनी सरकारी/निजी सम्पत्तियों को कितना-कितना आर्थिक नुकसान हुआ;

(ख) प्रभावित लोगों को कितनी-कितनी राहत राशि बांटी गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ग) इस नुकसान की भरपाई हेतु कितनी-कितनी राशि केन्द्र/प्रदेश सरकार ने दी; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(घ) उक्त समयावधि के अन्दर कितने नुकसान के प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे गए; उनकी प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## छौंछ खड्ड का तटीयकरण

*1710 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत छौंछ खड्ड के तटीयकरण के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## Vacant Post of Patwaris

*1711 **Shri Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many posts of Patwari are lying vacant in Sujanpur Constituency and since when; circle-wise detail be given; and

(b) by when these posts will be filled up?

----

## भवन निर्माण

*1712 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भुट्टी, हैल्थ सब-सैंटर पीनी, सिविल अस्पताल तेगू बेहड़ और बन्जार के भवनों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई थी; और

(ख) वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरी में चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के सरकारी आवास के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## निश्चेतनता चिकित्सक की रिक्ति

*1713 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में किस-किस विषय के कितने-कितने विशेषज्ञ किस-किस संस्थान में कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) निश्चेतनता (Anaesthesia) विशेषज्ञ के रिक्त पद को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## विश्राम गृह का निर्माण

*1714 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग देहा और चौपाल के मध्य विश्राम गृह का निर्माण करने का विचार रखती है ?

----

## नागरिक चिकित्सालय गोहर

*1715 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोहर को नागरिक चिकित्सालय का दर्ज़ा दे दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो डॉक्टरों के रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## सीर खड्ड का तटीयकरण

*1716 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि जाहू से बम्म तक सीर खड्ड के बाएं तट (सरकाघाट क्षेत्र की ओर) के तटीयकरण का कार्य वर्ष 2005 के सर्वेक्षण के अनुसार किया जा रहा है जबकि वर्तमान में वहां की भौगोलिक स्थिति उससे भिन्न है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार तटीयकरण का कार्य वर्तमान भौगोलिक स्थिति के अनुसार करवाने पर विचार करेगी ?

----

## लम्बित मामले

*1717 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) BBNDA बद्दी में कितने रिहायशी व कमर्शियल Planning Permission के मामले लम्बित हैं; इन्हें कब तक निपटा दिया जाएगा; और

(ख) लोगों के मकान व दुकानों के नक्शों को पास करने की कोई समय सीमा तय की गई है; यदि नहीं, तो सरकार इसमें कोई minimum समय सीमा तय करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

*1718 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं;

(ख) उनमें से कितने सरकारी व कितने गैर-सरकारी भवनों में चल रहे हैं;

(ग) गत तीन वर्षों में किस-किस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार दें; और

(घ) प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## आग से नुकसान

***1719 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश में कितने वन क्षेत्र आग की चपेट में आये; और

(ख) कितनी वन सम्पदा को नुकसान हुआ व कितने वन्य प्राणियों की मौत हुई; ब्यौरा रेन्जवार दें?

----

## Bio Gas in Lahaul and Spiti

***1720 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Government is planning to import dry temperate fruits & improved root stocks as there is demand of horticulturists in Lahaul Valley;

(b) if yes, does Government propose to improve vermi compost, organic farming, bio-pesticide and bio-fertilizer; and

(c) what steps are being taken to improve bio-gas in Lahaul & Spiti Valley?

----

## सी0ए0 स्टोर

***1721 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में उद्यान विभाग के कितने C.A. Store कहां-कहां पर हैं; और

(ख) सरकार क्या रोहड़ू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत C.A. Store बनाने का विचार रखती है ?

----

## एफ0 आर0यू0 अस्पताल

*1722 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने FRU Hospitals हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) प्रत्येक विधान सभा चुनाव क्षेत्र में एक या अधिक FRU Hospital हैं; ब्यौरा दें?

----

## जीर्णशीर्ण भवनों को तोड़ना

*1723 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) स्थानीय निकायों के अन्तर्गत आने वाले शहरों एवं नगरों में जर्जर हालत में बन्द पड़े भवनों को क्या गिराने की शक्तियां स्थानीय निकायों को प्राप्त हैं;

(ख) यदि हां, तो नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में इन शक्तियों को स्थानीय नगर निकायों को देने पर विचार करेगी?

----

## सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करना

*1724 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हाल ही में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बिलासपुर जिला के अन्तर्गत वन निगम में स्थित बिरोजा फैक्टरी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पैन्शन देने का निर्णय दिया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) सरकार ने क्या इस निर्णय को लागू कर दिया है; यदि हां, तो कब ?

----

## फिल्टर टैंक

***1725 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं के फिल्टर टैंक बने हैं;

(ख) इनमें से कितने टूट गए हैं; और

(ग) सरकार इन्हें कब तक ठीक करने का विचार रखती है?

----

## बद्दी में तहसील परिसर का निर्माण

***1726 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बद्दी तहसील परिसर के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सड़कों का निर्माण

***1727 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1.12.2014 से 15.2.2015 तक पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कों का निर्माण वन विभाग द्वारा किया गया; ब्यौरा सड़क के नाम व लम्बाई सहित दें; और

(ख) गत दो वर्षों के दौरान कितनी सड़कों के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र वन विभाग द्वारा कब-कब जारी किए गए; ब्यौरा सड़कवार दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 7 मार्च, 2015.** **सचिव।**